तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे शासन की योजनाओं का लाभ



## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शुष्क दिवस घोषित

**जांजगीर-चांपा।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई के मद्देनजर मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि नगर पंचायत बम्हनीडीह में 01 जून को होने वाले मतदान को लेकर 30 मई सायं 5 बजे से 1 जून को मतदान समाप्ति तक विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बम्हनीडीह एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अहाता बम्हनीडीह बंद रहेंगे। वहीं मतगणना दिवस 4 जून को भी उक्त दुकान पूर्ण दिवस बंद रहेंगे। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत ग्राम पंचायत बुड़गहन में पंच पद हेतु निर्वाचन के लिए 30 मई अपरान्ह 3 बजे से 1 जून को मतदान एवं मतगणना समाप्ति तक देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बुड़गहन एवं देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अहाता बुड़गहन बंद रहेंगे। उक्त अवधि के दौरान संबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले की शेष मदिरा दुकानें पूर्व की भांती यथावत खुली रहेगी।

### आर्ट एवं लिविंग संस्थापक के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आज

**जांजगीर-चांपा।** आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष एवं गुरुदेव के 70 जन्म दिवस के अवसर पर बंगलौर आश्रम द्वारा पूरे भारत में जिला स्तर पर अनसंग एवरी डे हीरोज अवॉर्ड का आयोजन किया गया था। जिसमें वर्गों में समाज में निस्वार्थ भाव से काम करने वाले को भाग लेने हेतु लिंक दिया गया था। व्यापार एवं परोपकार, खेल तथा युवा वर्ग को भाग लेना था। सभी प्रतिभागियों का आंकलन करने के बाद बंगलौर आश्रम से 7 लोगों का पुरुस्कार एवं प्रमाणपत्र दिया जाएगा। 30 मई की शाम 7 बजे अग्रसेन भवन जांजगीर में सुपरिटेंडिंग ऑफ पुलिस के मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### सहायक ग्रेड-03 पद के लिए कौशल परीक्षा 3 जून को

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार सहायक ग्रेड 3 तृतीय श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती हेतु 12 मई से 25 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा-आपत्ति आमंत्रण के पश्चात सहायक ग्रेड-03 के अ.जा. संवर्ग के 1 पद हेतु कुल 7 तथा अ.ज.जा. संवर्ग के 1 पद हेतु 1 दावा-आपत्ति प्राप्त हुई। दावा-आपत्ति प्रकरणों के परीक्षण उपरांत नियमानुसार समिति द्वारा अंतिम सूची प्रकाशन का निर्णय लिया गया है। कौशल परीक्षा 3 जून को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग, रीपा भवन, लवसरा रोड में आयोजित होगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**सक्ती।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सक्ती में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई से 15 जून रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। आईटीआई सक्ती के प्रभारी चन्द्रेश दिव्य ने बताया कि शासकीय आईटीआई सक्ती में फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं सिलाई टेक्नोलॉजी व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं।

### 17 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर एक युवक के कब्जे से 17 लीटर महुआ शराब को पकड़ा है। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वा का है। ग्राम मड़वा निवासी आरोपी लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से कुल 17 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जिसकी अनुमानित कीमत 34 सौ रुपए बरामद किया गया।

### अध्यक्ष के साथ अधिकारी-कर्मचारी करते रहे गेट खुलने का इंतजार

# पालिका में पार्षदों ने जड़ा ताला, नहीं हो सकी सामान्य सभा की बैठक

### दो दिन पहले हुई बैठक को मानने व ना मानने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका परिषद अकलतरा में उस वक्त फिर से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब नगर पालिका के 14 पार्षदों ने कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। इसके बाद कार्यालय में काम बंद हो गया और कर्मचारी बाहर बैठकर गेट खुलने का इंतजार करते रहे और नगर पालिका अध्यक्ष भी गेट खुलने का इंतजार करती रही। विवाद की वजह दो दिन पहले हुई बैठक को मानने और ना मानने को बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद की सामान्य बैठक थी जो कि 26 मई को आयोजित की गई थी जिसमें विवाद होने पर नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी सामान्य सभा की बैठक से उठकर चली गई थी, जिसके बाद नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा के द्वारा बैठक सम्पन्न कराई गई थी, जिसमें कुल 88 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 7 प्रस्ताव सभी की उपस्थिति में पारित किए गए थे, जबकि 81 प्रस्ताव उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में पारित हुए थे। इस मामले को लेकर अध्यक्ष और पार्षद आमने सामने हो गए है। बताया जाता है कि 26 मई को आयोजित बैठक को शून्य घोषित करके 29 मई को बैठक करने अध्यक्ष ने आवेदन किया था। जिस पर नगर पालिका में 29 मई को सुबह 11 बजे बैठक आहूत की गई थी। इधर उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में 26 मई को सम्पन्न हुए



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पार्षद व जनप्रतिनिधि व इंसेट में गेट पर जड़ा ताला।

बैठक को सही मानते हुए दर्जन भर से अधिक पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया और उन्होंने बैठक के पूर्व ही गेट के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। इस दौरान बैठक में शामिल होने पहुंची अध्यक्ष सहित अधिकारी कर्मचारी भीतर नहीं जा सके। तकरीबन सवा घंटे तक मुख्य गेट पर ताला लगा रहा। जिसके कारण 29 मई को आयोजित बैठक नहीं हो सकी। बताया जाता है कि इसकी सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई।

#### सवा घंटे तक इंतजार

अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी का कहना है कि सामान्य सभा में विवाद हुआ था और बैठक की पंजी उन्हें नहीं दी गई थी और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया और बैठक से उठकर जाते समय बैठक स्थगित की सूचना आवक जावक में लिखित रूप से दी थी। इसके बाद एसडीएम और कलेक्टर को मामले से अवगत कराया था। ऐसे में 26 मई को बैठक शून्य घोषित कर 29 को करने की बात कही गई थी। आज बैठक के समय मुख्य गेट पर ताला लगा था। सवा घंटे तक ताला नहीं खुला। पूरी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई है।

#### नहीं होनी चाहिए दोबारा बैठक

पार्षदों का कहना है कि सामान्य सभा की बैठक महीनों बाद 26 मई को नियम के तहत हुई थी। इस संबंध में अध्यक्ष द्वारा नियमानुसार बैठक स्थगित नहीं की गई थी। ऐसे में दोबारा बैठक नहीं होनी चाहिए।

#### की जाएगी जांच

विभिन्न मांगों को लेकर उपाध्यक्ष समेत पार्षदों ने पालिका परिषद में प्रदर्शन किया उनके द्वारा मामलों की जांच के लिए ज्ञापन सोपा गया है जिसकी जांच की जाएगी।

-सुमित बघेल,
एसडीएम अकलतरा

# मिलावट कर कोयला चोरी, 115 टन माल के साथ 3 ट्रेलर चालक गिरफ्तार

### चांपा पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा के लिए भेजे जा रहे कोयले में मिलावट कर चोरी करने का मामला उजागर हुआ है। मामले में तीन ट्रेलर चालकों को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 3 ट्रेलर और 115 टन कोयला जब्त किया गया है। लिस कि मुताबिक पीआईएल चांपा के वरिष्ठ सुरक्षाधिकारी सुरेश कुमार ने 28 मई को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि भास्करपारा कोल माइन्स सूरजपुर से कुवर ट्रांसपोर्ट भैयाथान के माध्यम से 3 वाहनों में कोयला भेजा गया था। आरोपी ड्राइवर अजमत अंसारी, रामचन्द्र और शेख सरफरोज 25 मई को भास्करपारा से रवाना हुए और 27 मई की दोपहर बाद पीआईएल चांपा पहुंचे। जब कोयला आरएमएच डिपार्टमेंट में खाली कराया गया तो उसकी गुणवत्ता घटिया मिली और उसमें मिलावट का पता चला। पूछताछ में ड्राइवरों ने बताया कि अमझर स्थित गणेश कोल डिपो में उन्होंने वाहनों से अच्छा कोयला उतारकर उसकी जगह खराब स्तर का कोयला मिलाकर प्लांट में पहुंचाया। रिपोर्ट पर थाना चांपा में अपराध क्रमांक 269/26 धारा 316(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में चांपा पुलिस ने ट्रेलर चालकों से पूछताछ शुरू की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ और मेमोरेंडम कथन के आधार पर गणेश कोल डिपो अमझर से बदला गया कोयला बरामद किया। मौके से 3 ट्रेलर और लगभग 115.04 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया जाकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने आरोपी शेख सरफरोज पिता शेख तबारक हुसैन उम्र 35 वर्ष निवासी गढ़वा झारखंड, अजमत अंसारी पिता इलियास अंसारी उम्र 32 वर्ष निवासी गढ़वा झारखंड व रामचन्द्र पिता अमरशाह उम्र 30 वर्ष निवासी सोनभद्र उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव, उप निरीक्षक सत्यम चौहान, आरक्षक ईश्वरी राठौर, गौरीशंकर राय और थाना चांपा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# उप मुख्यमंत्री ने बम्हनीडीह में की चुनावी सभा, संकल्प पत्र का विमोचन



संकल्प पत्र का विमोचन करते डिप्टी सीएम साव के साथ मंत्री व भाजपा नेतागण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह नगर पंचायत के प्रथम चुनाव में बाजी मारने भाजपा और कांग्रेस अपनी पूरी ताकत लगा रही है। दोनों ही पार्टी के दिग्गज नेता प्रचार करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने चुनावी सभा ली और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। इस दौरान पार्टी के संकल्प पत्र का विमोचन भी किया गया।

बम्हनीडीह नगर पंचायत में 1 जून को चुनाव होना है। जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे वैसे राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। कांग्रेस और भाजपा जीत के लिए पूरी ताकत झोक रही है। दिग्गज प्रचार करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार 29 मई को उप मुख्यमंत्री अरुण साव बम्हनीडीह पहुंचे और बाजार चौंक मे चुनावी सभा की। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के सभा में कहा कि राज्य और केंद्र मे बीजेपी की सरकार है और बम्हनीडीह मे बीजेपी के अध्यक्ष और पार्षद होने पर तेजी से विकास का वादा किया। उन्होंने कांग्रेस के बड़े नेताओं की बम्हनीडीह मे आयोजित सभा पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस की जब जब सरकार रही है, तब तब भ्रष्टाचार चरम पर रहा है। वैसे तो कांग्रेस के बड़े नेताओं को बम्हनीडीह की जनता की याद नहीं आई, लेकिन अब चुनाव में वोट मांगने आ रहे हैं। इस दौरान मंत्री गुरु खुशवंत साहब, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद कमला पाटले, पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े समेत भाजपा के अन्य नेता मौजूद थे।

### आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन

**हसौद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई हसौद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। आईटीआई हसौद के प्राचार्य जे. एस. राज एवं प्रवेश प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार चन्द्रा ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए संस्था में हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है। प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण की मेरिट सूची 16 जून से 22 जून के बीच जारी की जाएगी। इसके बाद द्वितीय चरण की मेरिट सूची 26 जून से 3 जुलाई तक और तृतीय चरण की मेरिट सूची 8 जुलाई से 12 जुलाई तक जारी होगी।

# मौसम में बदलाव के चलते जिला अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम में आए बदलाव के चलते जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। मौसम के बदलाव का सीधा असर लोगों के

- जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंच रहे रोजाना 5 सौ से अधिक मरीज

स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड और दस्त जैसी बीमारियों से लोग बेहाल हैं। इसका नतीजा यह है कि जिला अस्पताल बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल में रोजाना मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि ओपीडी में 5 सौ से अधिक मरीज पहुंच रहे है।



ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़।

गौरतलब है कि इन दिनो मौसम का बदलाव का असर लोगों के सेहत पर दिख रहा है। मौसम परिवर्तन के चलते लोग सर्दी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड ,दस्त सहित अन्य बीमारियो से लोग परेशान हो रहे है। वही अपना उपचार कराने को लेकर जिला अस्पताल पहुंच रहे है। जिसके चलते सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मरीजो की भारी भीड देखी जा रही है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे सबसे बडी समस्या उपचार कराने के पूर्व ओपीडी में पंजीयन को लेकर बनी रहती है। इलाज कराने के पूर्व आलनाइन पंजीयन को लेकर ही पूरा समय बीत जाता है। जब उपचार कराने की बारी आती है। इस दौरान चिकित्सक लंच करने के लिए चले जाते है। इस बीच उपचार कराने को लेकर ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचते है। शाम के समय में भी मरीजो का उपचार किया जाना रहता है, लेकिन कई डाक्टर ओपीडी से ही नदारद रहते है। बैरिष्टर ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में औसतन रोजाना 400 से 500 लोग उपचार कराने को लेकर पहुंचते है। साथ ही साथ जब मौसम में अचानक परिवर्तन आता है, तो इस दौरान आनलाइन पंजीयन का यह आंकडा 500 सौ से 600 सौ तक भी पहुंच जाता है।

# बिजली संकट को लेकर तुमीडीह में कराई जा रही मुनादी

**हसौद।** भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। बढ़ते तापमान के साथ विद्युत खपत में अचानक इजाफा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या सामने आ रही है। हसौद सबडिवीजन अंतर्गत ग्राम तुमीडीह में लगातार तकनीकी दिक्कतों, लो वोल्टेज और ओवरलोड की स्थिति को देखते हुए बिजली विभाग द्वारा कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर ग्रामीणों को भारी विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचने की चेतावनी दी गई है। जानकारी के अनुसार, अत्यधिक लोड के कारण गांव के मुख्य ट्रांसफार्मर से जुड़े केबल बार-बार गर्म होकर जल रहे हैं। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि यदि बिजली खपत पर नियंत्रण नहीं हुआ तो मुख्य ट्रांसफार्मर के जलने का खतरा भी बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति बनने पर पूरे गांव की बिजली व्यवस्था कई दिनों तक प्रभावित हो सकती है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में लाउडस्पीकर से मुनादी कर ग्रामीणों से हीटर, इंडक्शन चूल्हा एवं अन्य अधिक बिजली खपत वाले उपकरणों का उपयोग बंद करने की अपील की गई है।

# देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव पहुंच मार्ग की हालत जर्जर



देवरी तनौद मार्ग पर बने गड्ढे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुका है। मार्ग में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढें बन गए है। इससे 20 मीनट की दूरी तय करने में घंटों लग रहे है। ऐसा नहीं है कि इस मार्ग का मरम्मत नहीं हुआ है। डामर उखड़ने से सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव की ओर जाने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। राहगीर कीचड़ और गर्मी के दिनों धुल से परेशान होते हैं। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क में बड़े बड़े गड्ढें होने से घंटों समय लगता है। 13 किलोमीटर दूरी सड़क चलने के लायक नहीं बचा है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान है। विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। डामरीकरण किया गया था जो लेकिनअब डामर उखड़ने से सड़क में बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जिससे आयें दिन होते रहते हैं ग्रामिणो की माने तो दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क पर पानी बह रहा है। नल जल योजना तहत बनें पाईप लाईन व लिंकेज टेप नल का पानी जहां जहां फट रहा गुणवत्ताहीन पाइप फट रहा है। जिससे मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल है।

### उच्च शिक्षा आयुक्त ने ली निजी व शासकीय कॉलेजों के प्राचार्यो की बैठक

# महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर शत प्रतिशत दें प्रवेश : रीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर रीता यादव की अध्यक्षता में जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों तथा बिलासपुर संभाग के स्वशासी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बिलासपुर संभाग के 2 शासकीय स्वशासी महाविद्यालय एवं 2 अशासकीय स्वशासी महाविद्यालय जिला जांजगीर-चांपा के 11 शासकीय महाविद्यालय एवं 27 अशासकीय तथा जिला सक्ती के 8 शासकीय महाविद्यालय एवं 13 अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेन्डा - सत्र 2026-27 में




प्राचार्यो की बैठक लेते उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव।

प्रवेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अध्ययन-अध्यापन में गुणवत्ता, विद्यार्थियों की अधिकाधिक उपस्थिति, ई-शिक्षा, ई-ऑफिस, जेम पोर्टल एवं विश्वविद्यालयीन समन्वय आदि पर विस्तृत चर्चा एवं विश्लेषणात्मक समीक्षा करते हुए आयुक्त ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए प्राचार्यों को निर्देश दिए। आयुक्त रीता यादव ने कहा कि कालेजों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वर्णिम भविष्य के लिए महाविद्यालय प्रशासन को पूर्ण प्रयासरत होना पडेगा तथा उनके द्वारा यह आश्वसन दिया गया कि शिक्षा में गुणवत्ता के लिए महाविद्यालय के प्रयासों में उच्च शिक्षा विभाग सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने रिक्त सीटों पर शत प्रतिशत प्रवेश देने ,,सांस्कृतिक खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, डिजिटल एजुकेशन को प्रोत्साहित करने की बात कही ल विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट वर्क देने और भविष्य में ज्ञानार्जन पोर्टल विकसित किये जाने की भी जानकारी दी। बैठक में प्रभारी अपर संचालक डॉ डीपी साहू, सहायक संचालक श्रीकांत मोहरे, टीसीएल कालेज के प्राचार्य डॉ डी आर लहरे, एमएमआर कालेज चाम्पा के प्राचार्य डॉ एचपी खैरवार, शासकीय क्रांतिकुमार भारतीय कालेज सक्ति के प्राचार्य डा डीपी पाटले बिलासा गर्ल्स कालेज बिलासपुर के प्राचार्य डा एस आर कमलेश, श्रीवास्तव एनईपी विशेषज्ञ डा. डीके श्रीवास्तव, नवागढ़ कालेज के प्राचार्य प्रो बीके पटेल सहित अन्य प्राचार्य उपस्थित थे।


VENUS PARK
Come home to peace.
A HAVEN YOU'LL
CHERISH
EVERY
SINGLE DAY!
RESTAURANT
(3 MIN)
HOSPITAL
(5 MIN.)
SCHOOL
(2 MIN.)
BANK
BANK
(2 MIN.)
MARKET
(5 MIN.)
@VIDHANSABHA
ROAD, RAIPUR
• PREMIUM DEVELOPED PLOTS
• CUSTOMIZED BUNGALOWS • LIFESTYLE-ENHANCING AMENITIES
A Complete Lifestyle Experience
GRAND ENTRANCE GATE
24X7 SECURITY
CLUB HOUSE & LIFESTYLE AMENITIES
BEAUTIFUL TEMPLE
CHILDREN'S PLAY AREA
GREEN ATMOSPHERE
LANDSCAPING & WATER BODIES AT THE ENTRANCE GATE
CONCRETE ROADS WITH FOOTPATH
UNDERGROUND ELECTRICITY & SEWAGE
SEWAGE TREATMENT PLANT
DESIGNER STREET LIGHTS
ECO-FRIENDLY WATER HARVESTING SYSTEM
REGISTERED SOCIETY & SEPARATE SOCIETY OFFICE
CLUB VENUS
SWIMMING POOL & KIDS' POOL
GYMNASIUM
TEMPLE
OUTDOOR GAMES – BADMINTON COURT, MULTIPURPOSE COURT – FOR CRICKET, BASKETBALL, ETC.
ORA MAKERS
Own your real asset.
99939 08222 | 99939 07333
venuspark.ora@gmail.com
venusparkraipur
Behind Brighton International School,
Vidhansabha Road, Nardaha, Raipur
RERA NO. PCGRERA200125001871
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN

## खबर संक्षेप

### बीएड व डीएलएड में प्रवेश हेतु आवेदन 12 तक

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्विवर्षीय बी.एड. एवं डी.एल.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश निर्धारित नियमों के तहत आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है तथा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 13 से 15 जून तक निर्धारित शुल्क के साथ कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 23 जून से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे।

### बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी का एचएमएस ने किया विरोध

**कोरबा।** हिन्द मजदूर सभा से सम्बद्ध कोयला मजदूर सभा के एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के सचिव एससी मंसूरी ने बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति को अनिवार्य करने का विरोध किया है। इसे लेकर एचएमएस ने एसईसीएल गेवरा परियोजना के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर बायोमैट्रिक्स हाजरी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग रखी है। एचएमएस नेता एससी मंसूरी गेवरा महाप्रबंधक को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति को अनिवार्य करने का संगठन विरोध करता है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर टी आर भारद्वाज सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित जांच कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

### एसी पाइप की चोरी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने भेजा जेल

**कोरबा।** शहर के अलग-अलग क्षेत्र में घूम-घूम कर एसी के आउटडोर में लगे तांबे की तार पाइप को चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले में लंबे समय से दुकान मकान सहित विभिन्न स्थानों में लगे एसी के आउटडोर के तांबे की पाइप को चोर लगातार चोरी कर रहे थे। लगातार चोरी की घटना सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने गिरोह में शामिल लोगों के धरपकड़ का निर्देश दिया था। जिसके बाद सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी और उनकी टीम द्वारा मामले की छानबीन की जा रही थी और एसी पाइप की चोरी करने वाले के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी ने मोतीसागरपारा निवासी सूरज जान 27 वर्ष पिता अजीत जान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एसी की चोरी की गई पाइप को जप्त किया गया है। पुलिस ने कुछ दिन पहले ही सिविल लाइन थाना क्षेत्र में इसी तरह के एक गिरोह का भांडाफोड़ किया था जिसमें 6 नाबालिक सहित कुल 9 लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था। लगातार पुलिस इस तरह के घटना को अंजाम देने वाले चोरों की धरपकड़ करने में लगी हुई है।


आरोपी।

### चोरी की मोटर सायकल के साथ आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। चोरी की मोटर साइकिल लेकर फर्राटे भर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जहां से उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल को भी बरामद किया है। कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाले एक युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एएम 2836 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल लेकर मोतीसागर पारा क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मोतीसागर पारा निवासी सूरजजान उर्फ सोनू, पिता अजीत जान, उम्र 27 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जहां उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल को बरामद कर लिया है।

# श्रम कानूनों के तहत स्थायी रोजगार और समान वेतन के लिए होगी आमसभा

## राष्ट्रीय कोलरी वर्कर्स फेडरेशन ने आंदोलन की दी चेतावीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों के शोषण आर्थिक उत्पीड़न और कानूनी अधिकारों के हनन के खिलाफ राष्ट्रीय कोलरी वर्कर्स फेडरेशन ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है फेडरेशन के महामंत्री भागवत प्रसाद दुबे ने कहा है कि जो ठेका मजदूर वर्षों से एसईसीएल की मुख्य कोयला खदानों में नियमित कर्मचारियों की तरह दिन-रात जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं उन्हें केवल ठेका श्रमिक बताकर उनका मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है प्रबंधन ने उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से इतना कमजोर कर दिया है कि वे खुद को असहाय समझने लगें ताकि उन्हें जब चाहे काम से निकाला जा सके और मनमुताबिक कम वेतन दिया जा सके।

महामंत्री दुबे ने कहा यह देश का दुर्भाग्य है कि कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट के नियमों का पालन एस.ई.सी.एल. में कभी हुआ ही नहीं, नियमानुसार हर श्रमिक को नियुक्ति के तीन दिनों के भीतर एम्प्लॉयमेंट कार्ड मिलना चाहिए लेकिन पूरे देश में किसी ठेका श्रमिक को यह कार्ड नहीं दिया गया वेतन की हालत इतनी खराब है कि हर एरिया की हर कालरी में ठेका श्रमिकों का वेतन अलग-अलग है। खदानों में श्रमिकों से बिना साप्ताहिक अवकाश और बिना किसी ओवर-टाइम भुगतान के खुलेआम 12-12 घंटे तक जबरन काम कराया जा रहा है जो श्रम अधिकारों का सीधा हनन है । पूर्व में बनाई गई एच.पी.सी. वेतन योजना में उच्च कुशल ठेका श्रमिकों का वेतन भी एस.ई.सी.एल. के कैटेगरी-1 के सबसे सामान्य रेगुलर मजदूर से कम रखा गया सबसे आश्चर्यजनक यह रहा कि जे.बी.सी.सी.आई. के सदस्य यूनियनों ने भी इस विसंगतिपूर्ण योजना पर हस्ताक्षर कर ठेका मजदूरों को असहाय छोड़ दिया। 21 नवंबर 2025 से देश में लागू हुए नए चार श्रम कानूनों के अंतर्गत ओएसएचडब्ल्यू कोड 2020 की धारा 6 के तहत प्रत्येक श्रमिक को लिखित नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य है जिससे प्रबंधन बच रहा है। नए कानून की धारा 8 स्पष्ट करती है कि ठेका श्रमिकों को भी नियमित श्रमिकों के समान ही वेतन और सेवाशर्तें पाने का पूरा कानूनी अधिकार है। नए कानून की धारा 57 के अनुसार किसी भी संस्थान के कोर/मुख्य कार्यों में ठेका श्रमिक नहीं लगाए जा सकते जबकि एस.ई.सी.एल. अपने सभी मुख्य कार्यों जैसे कोयला निकालना सपोर्ट रूफ बोल्टिंग लाइन बिछाना ट्रामर ओवर बर्डन हटाना कोयला परिवहन ड्रिलिंग डोजर ग्रेडर और पी.सी. ऑपरेटर समेत सभी भारी मशीनों के संचालन में पूरी तरह ठेका मजदूरों का इस्तेमाल कर रही है ।




### ये हैं मुख्य मांगें

राष्ट्रीय कोलरी वर्कर्स फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि अब ठेका श्रमिकों को कोई अंतरिम एचपीसी वेतन या काम की झूठी सुरक्षा नहीं चाहिए कानूनन जब एसईसीएल का अस्तित्व ही कोयला उत्खनन पर टिका है और ये श्रमिक वही मुख्य कार्य कर रहे हैं तो ओएसएचडब्ल्यू कोड 2020 की धारा 57 के तहत इन सभी ठेका श्रमिकों को सीधे एस.ई.सी.एल. के नियमित कर्मचारी के रूप में समायोजित किया जाए।

## उद्योग मंत्री व महापौर ने किया पौने 4 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# निगम के विभिन्न वार्डों को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के विभिन्न वार्डो को 4 करोड़ 85 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 3 करोड़ 75 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया, वहीं 1 करोड़ 10 लाख रूपये के विकास कार्य का लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी सहित निगम के अन्य पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

निगम के वार्ड क्र. 4 राताखार पुल से बजरंग चौक होते हुये बाईपास सड़क तक 2 करोड़ रूपये की लागत से सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य किया जाना हैं, इसी प्रकार वार्ड क्र. 4 राताखार सतनाम भवन परिसर के पास 15 लाख रूपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष व किचन शेड का निर्माण, वार्ड क्र. 3 राताखार मुक्तिधाम में 45 लाख रूपये की लागत से व्हूम वेस्ट प्रदूषण मुक्त दाहगृह का प्रदाय स्थापना संचालन एवं संधारण कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 18 कोहड़िया स्थित ब्रम्हकुमारी प्रजापति आश्रम के पास 10 लाख रूपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण, वार्ड क्र. 17 भैंसखटाल ढोढ़ीपारा में नहर किनारे सूरज बरेठ घर के पास 6 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच एवं अन्य विस्तार कार्य तथा वार्ड क्र. 3 अंतर्गत 99 लाख 78 हजार रूपये की लागत से टी.पी.नगर जोन कार्यालय का निर्माण कार्य भी कराया जाना हैं, इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान किया गया, वहीं 1 करोड़ 9 लाख 51 हजार रूपये की लागत से सेंट्रल स्टोर से स्टेडियम चौक तक रेलिंग सहित डिवाईडर एवं विद्युतीकरण कार्य निगम द्वारा कराया गया है, जिसका लोकार्पण उनके करकमलों से किया गया।



भूमिपूजन कार्यक्र म में शामिल उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

### निगम क्षेत्र के विकास के लिये धनराशि की कमी नहीं

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में व्यापक स्तर पर विकास कार्य संपादित हो रहे हैं तथा विकास कार्यो के लिये धनराशि की कोई कमी नहीं हो रही, उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन विभिन्न मदों से लगातार नये-नये विकास कार्य स्वीकृत करा रहे हैं तथा विभिन्न मदों के अंतर्गत विगत 2 वर्षो में निगम क्षेत्र में लगभग 1 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्य उनके द्वारा स्वीकृत कराये जा चुके हैं। उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि राताखार वार्ड में अन्य कार्यो के साथ-साथ 2 करोड़ रूपये की लागत से सी.सी. रोड के निर्माण का भी शुभारंभ कराया गया है।

# इंटक ददई गुट दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के विरूद्ध एलपीए करेगा दायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के स्थापना दिवस पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने की। बैठक में इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एनजी अरुण, झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचू सहित संगठन के अन्य केंद्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खास बात

- बैठक में श्रमिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों, वर्तमान परिस्थितयों तथा संगठन की आगामी रणनीति पर होगी चर्चा

बैठक में श्रमिकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों, वर्तमान परिस्थितियों तथा संगठन की आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि पूर्व सांसद एवं इंटक के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय ददई दुबे उर्फ चंद्रशेखर दुबे के निधन के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। जुलाई 2025 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से धीरज प्रसाद साहू को इंटक का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया, जो वर्तमान में इस दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। बैठक के दौरान झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचू ने जानकारी दी कि शीघ्र ही वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें झारखंड एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भाग लेंगे। वहीं इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एनजी अरुण ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक निर्णय को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ तत्वों द्वारा लोगों को गुमराह किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन इस निर्णय के विरुद्ध एलपीए दायर करेगा। बैठक में संगठन के कई वरिष्ठ एवं केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे और श्रमिक हितों की रक्षा हेतु संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# व्यापारी का चांदी से भरा बैग पार, चेंबर ने जीएटी कार्यालय में जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक व्यापारी चांदी के जेवर लेकर बस से अंबिकापुर से रायपुर जा रहा था इसी दौरान वह लघुशंका के लिए रात में बस से नीचे उतरा और जब वापस आया तो उसके जेवरात से भरे दो बैग उसकी सीट से गायब हो गए थे।

जानकारी के अनुसार संजय कुमार बाहेती 13 मई को 23 किलो चांदी के जेवर लेकर अंबिकापुर से रायपुर जा रहे थे। रात करीब 1 बजे बांगो थाना क्षेत्र के एक होटल पर बस रुकी। संजय यूरिन के लिए नीचे उतरे और अपने तीन बैग सीट पर ही छोड़ दिए। वापस लौटने पर उन्होंने पाया कि 10 किलो चांदी वाले दो बैग गायब थे। संजय का आरोप है कि बस ड्राइवर ने उन्हें गुमराह किया और किसी से बात नहीं करने दी। जब उन्होंने बांगो थाने में शिकायत की तो पुलिस ने उन पर ही चोरी का शक जताया। पुलिस ने कथित तौर पर कहा कि उनके पास कोई माल नहीं था और यदि था भी तो चोरी उन्होंने खुद की है। इसके बाद पुलिस ने चोरी से बचे 12.377 किलो जेवर जब्त कर संबंधित कागजात जीएसटी कार्यालय भेज दिए। संजय का आरोप है कि बस ड्राइवर ने उन्हें गमराह किया और उन्होंने कहा कि यदि सभी दस्तावेज जमा करने के बाद भी व्यापारी को परेशान किया जा रहा है तो यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ में निर्भय होकर कारोबार करना संभव नहीं है। अब संजय पिछले कई दिनों से जीएसटी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनके अनुसार सभी आवश्यक कागजात जमा करने के बावजूद अधिकारी जेवर वापस करने के लिए क्लीयरेंस नहीं दे रहे हैं।


इस परेशानी के बाद संजय ने कोरबा के स्थानीय व्यापारियों से मदद मांगी। संजय की समस्या सुनने के बाद छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जगदीश सोनी, सुभाष अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी बुधवार शाम को जीएसटी कार्यालय पहुंचे। व्यापारियों ने अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि सभी दस्तावेज जमा करने के बाद भी व्यापारी को परेशान किया जा रहा है, तो यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ में निर्भय होकर कारोबार करना संभव नहीं है। चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों ने पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने की बात कही है। ज्ञात रहे कि इससे पहले भी जिले में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि यह जांच के बाद भी मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।


पीड़ित व्यापारी के समर्थन में जुटे चेंबर के पदाधिकरी।

# पूर्व दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू नेहरू नगर भैंस खटाल वार्ड क्रमांक 17 स्थित पूर्व दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य भंडारा महोत्सव का आयोजन 29 से 31 मई तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति समस्त हनुमान भक्त द्वारा क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया है। आयोजन के प्रथम दिवस 29 मई को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन संपन्न होगा। इसके पश्चात 30 मई को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत अन्नाधिवास,



जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं शैयाधिवास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम 31 मई को हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा पूजा-अर्चना, प्रसाद एवं भक्तों के स्वागत की विशेष व्यवस्था की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### निर्वाचन क्षेत्रों में 1 जून को रहेगा सार्वजनिक व सामान्य अवकाश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-अनुसूची के अनुसार जिला कोरबा में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2026 के तहत मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। जिले के जिन क्षेत्रों में उप निर्वाचन होना है, वहाँ सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने और मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दिन यानी 1 जून को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

# ईद-उल-अजहा पर मस्जिदों और ईदगाह में नमाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय ने उत्साह के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मनाया। शहर की जमा मस्जिद नूरी मस्जिद कोलियरी क्षेत्र की मस्जिदों समेत विभिन्न इबादतगाहों में सुबह विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान अमन की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में भी त्योहार को लेकर खास उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर लोगों ने जरूरतमंदों की मदद की। इस अवसर पर हजरत इब्राहिम की कुर्बानी को याद करते हुए त्याग, समर्पण और इंसानियत की भावना पर जोर दिया गया। समुदाय के लोगों ने बताया कि बकरीद से कुछ सीख मिलती है। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे, जिससे पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## टीपीनगर रेलवे फाटक का मामला

# फाटक पर थमे मालगाड़ी के पहिए, लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदान से सीएसईबी पॉवर प्लांट के लिए जाने वाली मालगाड़ी अक्सर टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग में खड़ी हो जाती है। जिसकी वजह से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को फिर से कुछ इसी तरह का देखने को मिला। टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग में लगभग 1 घंटे तक मालगाड़ी फंसी रही। जिसकी वजह से तपती धूप में लोगों को लंबा सफर तय करना पड़ा।

कोयला खदान से मालगाड़ी प्रतिदिन सीएसईबी पावर प्लांट लेकर जाती है। मालगाड़ी में अत्यधिक लोड होने या फिर अन्य वजह से अक्सर मालगाड़ी टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी हो जाती है। गुरुवार की सुबह लगभग 11:30 बजे एक मालगाड़ी टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग के बींचोबीच खड़ी हो गई थी। जिसकी वजह से टीपी नगर से एसईसीएल की ओर जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ी। अक्सर यह देखने को आता है कि टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग में मालगाड़ी खड़ी हो जाती है जिससे इस ओर जाने वाले आम नागरिकों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार इसे लेकर रेलवे प्रबंधन से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते आए दिन स्थिति कुछ ऐसी ही निर्मित होती है और आम लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।


टीपीनगर रेलवे फाटक पर खड़ी मालगाड़ी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण कल

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चाम्पा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने बताया कि रविवार 31 मई को प्रातः 11 बजे रेडियो, टी.वी., दुरदर्षन, टेलीविजन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण होगा। जिला संयोजक विवेका गोपाल ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों से अपने-अपने मंडल के प्रत्येक बूथों पर मन की बात सुनने की अपील की। प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देष के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो का विषेश तौर पर उल्लेख करते है समान्य रूप से हमको जो बात की जानकारी नहीं होती वह जानकारी भी मोदी के मन की बात के माध्यम से मालूम हो जाती है। मन की बात को बूथ स्तर पर, सक्ती केन्द्र स्तर पर, मंडल स्तर पर, गांवों के गुड़ी में, चौपाल में, सार्वजनिक स्थल पर या किसी कार्यकर्ता के घर पर कार्यकर्ता एकत्रित होकर मन की बात सुने।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रारंभ, 15 लास्ट डेट

**तनौद।** शासकीय आईटीआई खरौद में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गई है। जिसकी आखिरी तारीख 15 जून निर्धारित की गई है। पामगढ़ स्थित शासकीय आईटीआई खरौद में सत्र 2026-27 / 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग 29 मई से 15 जून, रात्रि 11:59 बजे तक - प्रथम चरण मेरिट सूचीः 16 जून प्रथम चरण चयन सूचीः 16 जून से 22 जून संस्था में प्रवेशः 23 जून से 25 जून द्वितीय चरण चयन सूचीः 26 जून से 3 जुलाई द्वितीय चरण प्रवेशः 4 जुलाई से 7 जुलाई तृतीय चरण चयन सूचीः 8 जुलाई से 12 जुलाई तृतीय चरण प्रवेशः 13 जुलाई से 15 जुलाई उपलब्ध ट्रेड्स एवं सीटें कोपा के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

### मछुआरा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह कल

**जांजगीर-चांपा।** मछुआरा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में रविवार 31 मई को रखा गया है। उक्त कार्यक्रम छत्तीसगढ़ युवा धीवर समाज के तत्वाधान में रखा गया है। मछुआरा समाज के समाजिक बन्धुओं में समाजिक एकता, समाजिक समरसता अखंडता तथा पारस्परिक सद्भावना बनाए रखने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन प्रायमरी,मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 31 मई रविवार को जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला पंचायत के पास न्यू ऑडिटोरियम भवन में किया जाएगा। जिसमें मछुआरा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के लिए उच्च शिक्षित,अनुभवी काउंसलर के माध्यम से कैरियर काउंसलिंग करते हुए शिक्षण सत्र 2025-26 में प्राइमरी,मिडिल स्कूल ,हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी तथा व्यवसायिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर जानकारी छग युवा धीवर समाज के संस्थापक नवीन कुमार धीवर ने दी।

### वेलफेयर कल्याण समिति द्वारा संचालित स्कूल का लोकार्पण आज

**जांजगीर-चांपा।** वेलफेयर कल्याण समिति द्वारा संचालित नवनिर्मित शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल का लोकार्पण समारोह शनिवार 30 मई को शाम 4 बजे से नवनिर्मित शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में सम्पन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद रहेंगी तथा अध्यक्षता बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर के द्वारा की जावेगी। विशिष्ट अतिथि में गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत,श्रीमती मोहन कुमार साहू सदस्य जिला पंचायत, मनीषा चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह, उत्तरा सिदार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह, रितेश रमण सिंह सदस्य जनपद पंचायत बिर्रा, श्रीमती पीलाबाई एकादशियाँ साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा उपस्थिति रहेंगे। इस कार्यक्रम में टी.ऑर .भारद्वाज डिप्टी कलेक्टर,मनोज खाण्डे डिप्टी कलेक्टर ,उद्यन बेहार एडिशनल एस. पी. ,डॉ. बी.के. पटेल प्राचार्य नवागढ़ सारागांव उपस्थिता रहेंगे। इस अवसर पर डॉ.ईश्वर प्रसाद शुक्ला संचालक शुक्ला हेल्थकेयर हॉस्पिटल,साकेत शुक्ला प्रबंधक शुक्ला हेल्थ केयर हास्पिटल, डॉ. शुभम शुक्ला एमबीबीएस एमडी, डॉ. प्रियंका शुक्ला पीएचडी संचालक संचालक शुक्ला इंटरनेशन स्कूल, डॉ. आकृति शुक्ला एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारी बम्हनीडीह, सिया शुक्ला, शुभ शुक्ला, श्लोका शुक्ला शामिल होंगे।

## निधन

### जीवनरेखा देवांगन



**चांपा।** स्थानीय बरछापारा निवासी देवांगन समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी पवन कुमार देवांगन की धर्मपत्नी श्रीमती जीवन रेखा देवांगन का गुरूवार 28 मई को दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थी। स्व. देवांगन अपने पीछे पति समेत तीन पुत्रों एवं एक पुत्र का परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 29 मई को शाम 5 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र हितेन्द्र देवांगन ने दी।

### 642 में से 224 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे शासन की योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते अतिथि।

शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाना है। इस दौरान जनसमस्या निवारण शिविर में 642 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 224 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर का आयोजन सक्ती जिले के मल्दा ग्राम में किया गया।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 29 मई को जैजैपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्दा में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। क्लस्टर मल्दा शिविर में 20 ग्राम पंचायत मल्दा, अमोदा, करही, किकिरदा, कैथा, गुडरूकला, गुंजियाबोड़, घिवरा, चिस्दा, झरप, डोटमा, डोमाडीह, देवरीमठ, धमनी, नगारीडीह, परसदा, पेंड्री, बरेकेलकला, लालमाटी, एवं हसौद से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 642 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 224 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष 418 आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर शासन की योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। शिविर में पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत ग्राम मल्दा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उउन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण कर आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 05 आवास योजना के हितग्राहियों को आवास स्वीकृती की चाबी सौंपी गई, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा जाल एवं आइस बॉक्स वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की विषयवार विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी सत्यनारायण चन्द्रा, राजेश लहरे, जनपद पंचायत जैजैपुर सीईओ संदीप कश्यप उपस्थित रहे।

# बलौदा में उप पंजीयक कार्यालय खोले जाने की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा



ओपी चौधरी का स्वागत करते भाजपाई।

प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री बलौदा प्रवास पर पहुंचे। इस बीच विभिन्न मांगों को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उन्होंने उप पंजीयक कार्यालय खोले जाने को लेकर स्वीकृति प्रदान की।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त एवं पर्यावरण एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी चौधरी का आगमन बलौदा मे हुआ। नगर के हरदी बाजार चौक मे भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश गुप्ता के नेतृत्व मे उनका भव्य स्वागत एवं आतिशबाजी किया गया । मंत्री के साथ काफिले मे छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, सांसद कमलेश जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, अमर सुल्तानिया भी उपस्थित रहे। स्वागत के साथ मंडल अध्यक्ष निलेश गुप्ता ने प्रभारी मंत्री को बलौदा क्षेत्र के संबंध में विभिन्न मांग पत्र सौंपा। जिसमे 132 के व्ही सब स्टेशन, सिविल कोर्ट एवं उप पंजीयक कार्यालय की मांग की गई। प्रभारी मंत्री ने उप पंजीयक कार्यालय खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की है जो कि क्षेत्र वासियों के लिए उपहार स्वरूप है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सतीश यादव, अनिल हरवंश, पहरिया मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास, गौसेवा आयोग के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, जनपद अध्यक्ष शारदा सनत देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष के के सोनी, रविवचन रात्रे, हेमन्त कटकवार, भुपेन्द्र गुप्ता, दुर्गा रजक, अंजनी बरेठ, धर्मेन्द्र यादव, भुपेश देवांगन, बल्ला श्रीवास, अभिनेश सिंह, राधेश्याम शर्मा, शेखर यादव, रोशन यादव, विशाल भारद्वाज, आदर्श सिंह, मुकेश पटेल, योगेन्द्र तिवारी, सोम सिंह, मनोज धीवर, पार्षद रामसेवक कुंभकार, रेनू लीलाधर थवाईत, ऋषिकेश रात्रे, राज कंवर, राजकुमार सोनी, जयबिलास कुर्रे, अजय कटकवार एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कहरा समाज का महासभा सम्मेलन में पहुंचे चौधरी

ग्राम पौड़ीशंकर में कहरा समाज का महासभा सम्मेलन समापन समारोह गुरुवार 28 मई को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर दिशा देने के लिए सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की वास्तविक ताकत है और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

# रात में घर घुसकर चोरी करने आए आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



रात में घर में घुसकर चोरी करने आए आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। वहीं भागते समय आरोपी ने बाइक व मोबाइल वहीं छोड़ दिया। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हरदीहरि का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रात डेढ़ बजे हुई वारदात घटना 28 मई की रात लगभग 1:30 बजे की है। प्रार्थी शत्रुघ्न करियरे निवासी ग्राम हरदी अपने घर के आंगन में सो रहे थे इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति चोरी की नीयत से घर के बाहर और अंदर लगे जलते हुए बल्ब निकालकर फेंक दिए और अंदर घुस गया। आवाज सुनकर प्रार्थी दौड़कर देखा और आरोपी को पीछे से पकड़ने की कोशिश की, तो आरोपी ने धक्का देकर भागने की कोशिश की, लेकिन भागते समय उसके दो मोबाइल फोन, गमछा, चप्पल और मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही गिर गए। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान सुनील कश्यप निवासी ग्राम हरदीहरी के रूप में हुई, जिसे मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई पूछताछ में आरोपी चोरी की नीयत से घर में घुसना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# 18 जिलों के 380 खिलाड़ी आज से दिखाएंगे नेटबाल में जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चाम्पा के संयुक्त तत्वावधान में आज, 30 मई 2026 से जांजगीर के हाई स्कूल मैदान पर दो दिवसीय

**खास बात**

- 50 कोच मैनेजर व तकनीकी अधिकारी भी खेल में निभाएंगे अहम भूमिका

'2रीं छत्तीसगढ़ सीनियर स्टेट फास्ट-5 नेटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों के 380 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, प्रतियोगिता में दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, गरियाबंद, सक्ती, कांकेर, सरगुजा, बलौदा बाजार-भाटापारा, मेजबान जांजगीर-चाम्पा, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, कोरबा, बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद, धमतरी और सूरजपुर की टीमें भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों के साथ ही लगभग 50 कोच, मैनेजर और तकनीकी अधिकारी इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाएंगे। शनिवार 30 मई को शाम 6 बजे होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर जनमेजय महोबे , एसपी विजय पांडेय और जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजकों ने खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और आवागमन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। ाष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होगा खिलाड़ियों का चयननेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन के प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की संभावित टीम का चयन किया जाएगा। तत्पश्चात, एक विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाकर अंतिम 10 पुरुष एवं 10 महिला खिलाड़ियों का चयन होगा, जो नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 25 से 28 जून तक पांडिचेरी में आयोजित होने वाली '5वीं सीनियर नेशनल फास्ट-5 नेटबॉल प्रतियोगिता' में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।आयोजकों ने जिले के खेल प्रेमियों और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# बिजली कटौती व लो वोल्टेज समस्या को लेकर भाजयुमो ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजयुमो पदाधिकारी।

नगर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या को लेकर भाजयुमो के पदाधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बिजली

**खास बात**

- निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की प्रतिनिधि मंडल ने रखी मांग

व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 29 मई को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विद्युत विभाग का ध्यान आकृष्ट किया है। शुक्रवार को भाजयुमो के उपाध्यक्ष आकाश भोजवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के चांपा जोन के सहायक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि नगर में बार-बार बिजली गुल होने और लो-वोल्टेज की स्थिति से आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी एवं बुजुर्ग अत्यधिक परेशान हैं। भीषण गर्मी के बीच अनियमित आपूर्ति से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने शीघ्र सुधारात्मक कदम, लाइन मेंटेनेंस, वोल्टेज स्थिरीकरण और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।इस अवसर पर भाजपा नगर मंत्री गौतम यादव, भाजयुमो अध्यक्ष लव देवांगन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष विक्रांत बघेल, युवा मोर्चा महामंत्री प्रदीप यादव, मंत्री सिद्धार्थ पाठक, अनुसूचित जाति मोर्चा मंत्री ओमप्रकाश बघेल, जीतू भोजवानी, मनोज भोजवानी, पी.आर. बघेल, बी.आर. लहरें, सुनीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# शिव पुराण कथा का भव्य आयोजन, आध्यात्मिक जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



शिव महापुराण कथा सुनाते आचार्य।

नगर के मिनीमाता चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अधिक मास पुरुषोत्तम मा पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन भक्तिभाव एवं आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

गुरूवार 28 मई को प्रातः 4 बजे से मां पीतांबरा साधना, हवन एवं जप का आयोजन किया गया। इसके पश्चात दैनिक अभिषेक संपन्न हुआ। सुबह 8 बजे से रुद्री निर्माण, रुद्राक्ष पूजा, अभिषेक, छत्रोपचार एवं पीठ पूजा जैसे धार्मिक अनुष्ठान जनकल्याण की भावना से संपन्न कराए गए। वहीं शाम 4 बजे से आचार्य पूज्य संत तेजभान महाराज के मुखारविंद से श्री शिव पुराण कथा का श्रवण कराया गया।कथा प्रसंग के दौरान आचार्य तेजभान महाराज ने आध्यात्मिक जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि “आपो दीपो भव” अर्थात अपना दीपक स्वयं बनें। उन्होंने कहा कि समाज में एक जागरूक व्यक्ति पूरे समाज को दिशा दे सकता है, किन्तु बिगड़ा हुआ समाज किसी एक व्यक्ति को जागरूक नहीं बना सकता। जैसे एक जलता हुआ दीपक हजारों दीपक जला सकता है, लेकिन लाखों बुझ चुके दीपक एक भी दीपक को प्रकाशित नहीं कर सकते। महाराज ने श्रद्धालुओं से जीवन में अध्यात्म को अपनाने एवं आत्मजागृति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा स्थल पर भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

### बढती महंगाई, पेट्रोल डीजल सहित अन्य समस्याओं का उठाया मुद्दा

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकपा ने एसडीएम से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकपा पदाधिकारी।

बढ़ती मंहगाई पर चिंता जाहिर करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी 10 सूत्री मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा।

ज्ञात हो कि बढ़ते महंगाई को केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का परिणाम बताते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला परिषद द्वारा राष्ट्रपति व राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम अनुविभागीय अधिकारी चाम्पा को ज्ञापन सौपा गया। उनकी मांग में पेट्रोल डीजल के दामों में हो रही बढ़ोतरी, जिससे मंहगाई बढ़ रही है और आमजन त्रस्त है। आये दिन हो रहे उच्च परिक्षाओं के पेपर लीक से छात्रों और युवाओं के भविष्य बर्बाद हो रहा हैं एवं सरकार पेपर लीक होने जैसी घटनाओं को रोकने में नाकाम रही है, हाल में नीट की 22 लाख छात्रों का भविष्य से खिलवाड़ हो रहा हैं। मोदी सरकार में देशभर में 95 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद होने से आने वाली पीढ़ी और देश का भविष्य अंधकार में होगा, चिकित्सा के क्षेत्र में निजी अस्पतालों की मनमानी और दवा कंपनियों के मनमाने बढ़ते दामों को लेकर सरकार विफल है, आज जनता को स्मार्ट कार्ड और आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलना मुश्किल हो चुका है, योजना केवल कागजों में दिखता है। जल-जंगल और जमीन लूटने को विकास का नाम दे रही हैं। देश की प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा कर और मूल निवासीयों और उनकी संस्कृति को मिटाया जा रहा है। देश भर में महिलाओं-अल्पसंख्यकों और दलितों व हासिये पर जीने वाले लोगों पर शोषण और अत्याचार बढ़ा है। ज्ञापन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद के सचिव मुकेश बोहरा के प्रतिनिधित्व में सौपा गया है।

